## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 20.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **संसद के मानसून सत्र से पहले आज चल रही है सर्वदलीय बैठक, सरकार दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी दलों से मांगेगी सहयोग।**
2. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन, नशामुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम।**
3. **झारखंड में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए फिर से आवेदन किए जाएंगे आमंत्रित, मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को जारी किया निर्देश।**
4. **केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री से मिले कल्याण मंत्री चमरा लिंडा , झारखंड में कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं के लिए मांगा केंद्र से सहयोग।**
   **और**
5. **सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी कैंप में झारखंड की छह खिलाड़ियों को मिली जगह, 21 जुलाई से 29 अगस्त तक चलेगा कैंप।**

*******************

संसद के मानसून सत्र से पहले, इस समय नई दिल्ली के संसदीय सौध में सर्वदलीय बैठक चल रही है। बैठक में, सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेता शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. एल. मुरुगन बैठक में उपस्थित हैं।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन के महत्व पर जोर देते हुए एक लेख साझा किया है और इसे नशा मुक्त भारत की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया के एक पोस्ट के जवाब में, श्री मोदी ने कहा कि डॉ. मांडविया ने विस्तार से बताया है कि युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन किस तरह से नशा मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

*******************

झारखंड में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए फिर से आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्मिक विभाग को इससे संबंधित निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने पिछली बार जून 2024 में मुख्य सूचना आयुक्त और छह सूचना आयुक्तों के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया था। हालांकि अब तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। झारखंड हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी राज्य सरकार को सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया है। राज्य सूचना आयोग में एक मुख्य राज्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों के सभी छह पद खाली हैं।

*******************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी कल कांग्रेस भवन में जनता दरबार लगाएंगे। इसमें वे जन समस्याओं को सुनेंगे और उसका समाधान करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कांग्रेस द्वारा जनता की समस्याओं को नजदीक से जानने और उसके निराकरण के लिए प्रयास करने की दिशा में लगातार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है।

*******************

बासुकीनाथ में रविवार को बाबा को जल चढ़ाने वाले भक्तों की काफी संख्या में भीड़ दिखी। प्रशासन की ओर से यह भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि छुट्टी का दिन होने की वजह से आज भक्तों की संख्या को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए है।

*******************

रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में संगठन सृजन एवं –प्रशिक्षण कार्यक्रम– 2025 का आयोजन पुराना विधानसभा सभागार में किया गया। इसमें रांची जिला ग्रामीण एवं खूंटी जिला के प्रखंड पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्ष एवं नवनियुक्त मंडल अध्यक्षगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम रांची जिला ग्रामीण के मंडल अध्यक्षों को नियुक्ति–पत्र दिया गया, तदोपरांत प्रखंड एवं मंडल अध्यक्ष तथा पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया गया।

*******************

एक करोड़ से अधिक बकाया नहीं चुकाने पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग पूर्वी व पश्चिमी के झारखंड हाईकोर्ट परिसर स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा वाले खाते को फ्रीज कर दिया गया है। यह कार्रवाई रांची अवर न्यायाधीश प्रथम रवि नारायण की अदालत के आदेश पर शनिवार को रांची सिविल कोर्ट के नाजिर जीशान इकबाल, धर्मेंद्र कुमार और सत्यदेव कुमार की टीम ने की।

*******************

जमशेदपुर को देश में स्वच्छता में तीसरा स्थान मिलने पर पूरे जिले में जश्न का माहौल है।

*******************

राज्य अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कल दिल्ली में, केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उरांव से मुलाकात की। उन्होंने राज्य में कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में केंद्र से सहयोग की मांग की। मंत्री चमरा लिंडा ने बताया कि उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 275 के तहत शिड्यूल एरिया के विकास के लिए दी जाने वाली राशि में की गयी कटौती को वापस लेने का आग्रह किया। पिछले दो वित्तीय वर्षों में जहां राज्य को 150–150 करोड़ रुपये मिले थे, वही इस बार यह राशि घटाकर 50 करोड़ कर दी गई है।

*******************

दुमका पुलिस ने अंतरजिला डकैत गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह नकाब पहन कर वारदात को अंजाम देता था। जिले के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि इनके पास से डकैती किए गए सामान, नकदी, दो मोटरसाईकिल और लूट मे इस्तेमाल किया गया एक देसी कट्टा बरामद किया गया है।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 91 हजार 4 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 18 हजार रूपये है।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के लगभग सभी जिलों में आज और कल गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं 25 जुलाई तक रांची सहित कई इलाकों में बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग ने बताया है कि 23 जुलाई को राज्य के आठ जिलों में भारी बारिश की संभावना है  इसमें गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले शामिल हैं। बारिश को देखते हुए इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी कैंप के लिए 40 खिलाड़यों का चयन किया गया है। राष्ट्रीय कैंप में झारखंड की छह खिलाड़ियों को भी जगह मिली है। साई सेंटर बंगलुरू में 21 जुलाई से 29 अगस्त  तक हॉकी कैंप चलेगा। यह शिविर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह टूर्नामेंट 2026  एफआईएच महिला विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने का भी जरिया होगा। पिछले शिविर में शामिल सभी खिलाड़ियों को इसमें मौका दिया गया है।

******समाप्त***********